दिन– रविवार | दिनांक– 29 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आपातकाल के काले अध्याय को याद किया।

03. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। एक करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिम चंपारण, बक्सर, गया, कैमूर और नवादा जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की चौंसठ प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा मिल रही है।

–––बाइट–––

भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश सेचुरेशन की भावना से आगे बढ़ रहा है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। इन सफलताओं ने एक विश्वास जगाया है, कि आने वाला समय और बेहतर होगा, हर कदम पर भारत और भी सशक्त होगा।

प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रैकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि यह उन लाखों स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों का फल है जिन्होंने इस बीमारी से लड़ाई लड़ी।

–––बाइट–––

आप में से बहुत से लोगों ने आँखों की एक बीमारी के बारे में सुना होगा – ट्रेकोमा। ये बीमारी बैक्टीरिया से फैलती है। एक समय था जब ये बीमारी देश के कई हिस्सों में आम थी। ध्यान नहीं दिया जाए, तो इस बीमारी से धीरे–धीरे आँखों की रोशनी तक चली जाती थी। हमने संकल्प लिया कि ट्रेकोमा को जड़ से खत्म करेंगे। और मुझे आपको ये बताते हुए बहुत खुशी है कि – 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भारत को ट्रेकोमा फ्री घोषित कर दिया है।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई, छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया।

–––बाइट–––

देश पर इमरजेंसी थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। हम देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने इमरजेंसी का डटकर मुकाबला किया था। इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।

श्री मोदी ने कहा कि इस महीने की इक्कीस तारीख को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के योग दिवस का विषय– एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य भी बहुत खास था। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि एक दिशा है, जो हमें वसुधैव कुटुंबकम् का एहसास कराती है।

श्री मोदी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक– ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं।

–––बाइट–––

जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। जगह–जगह भंडारे और लंगर लगते हैं। लोग सड़कों के किनारे प्याऊ लगवाते हैं। सेवा–भाव से ही मेडिकल कैंप और सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। कितने ही लोग अपने खर्च से तीर्थयात्रियों के लिए धर्मशालाओं की और रहने की व्यवस्था करते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले महीने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से वियतनाम ले जाए गए और उन्हें नौ स्थानों पर जनता के दर्शन के लिए रखा गया था। भारत की ये एक पहल वियतनाम के लिए राष्ट्रीय उत्सव बन गई और करीब दस करोड़ लोगों की आबादी वाले वियतनाम में डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए।

श्री मोदी ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र गए भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशू शुक्ला का भी जिक्र किया।

–––बाइट–––पीएम 05––– 28 सें.

इस समय सबकी निगाहें इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। मेरी कल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात भी हुई है। आपने भी शुभांशु से मेरी बातचीत को जरूर सुना होगा। अभी, शुभांशु को कुछ और दिन इंटरनेशनल स्पेस सेंटर रहना है। हम इस मिशन्स के बारे में और बातें करेंगे, लेकिन, 'मन की बात' के अगले एपिसोड में।

---

राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। अब तक एक करोड़ मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र वितरित किये गये हैं। इस कार्य में डेढ़ लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट–बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से सत्यापन कर रहे हैं। भाजपा की ओर से लगभग बावन हजार, वहीं, राष्ट्रीय जनता दल की ओर से सैंतालीस हजार से अधिक बीएलए इस प्रक्रिया में भागीदारी कर रहे हैं। पटना जिले में लगभग पांच हजार बूथ लेवल अधिकारियों–बीएलओ को लगाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. एस. त्यागराजन ने मतदाताओं से सही तरीके से गणना फार्म भरने की अपील की है। यह अभियान पच्चीस जुलाई तक चलेगा।

–––बाइट–––

---

पटना के गांधी मैदान में आज वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका आयोजन इमारत–ए–शरिया, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई अन्य संगठनों ने किया। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मुस्लिम समुदाय के हितों के समर्थन में हमेशा आवाज उठाती रहेगी। श्री यादव ने कहा कि वक्फ अधिनियम का विरोध जारी रहेगा। सम्मेलन में सांसद पप्पू यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और महागठबंधन दल के कई नेता शामिल हुए।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नालंदा जिले के राजगीर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी एनडीए को मजबूत करेगी। इस लिए वे बिहार विधानसभ चुनाव में चुनाव लड़ेंगे। श्री पासवान ने विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस गठबंधन की आलोचना की।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने गयाजी के गांधी मैदान में परिसीमन के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने

बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के संचालन कार्य बौद्ध धर्म के लोगों को देने का समर्थन किया।

---बाइट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है कि विपक्ष वक्फ कानून की आड़ में लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

---

आज सांख्यिकी दिवस पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की पटना स्थित क्षेत्रीय इकाई में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय पटना के उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने कहा कि एनएसएसओ और सीएसओ द्वारा संग्रह किये गए आंकड़े नीति निर्धारण में काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के संग्रह और विशलेषण में एआई टेक्नोलॉजी से बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

---बाइट---

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस हर साल प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी थे।

---

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण–पश्चिम भाग के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गयी। रोहतास जिले के करगहर में सबसे अधिक अड़तालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार पश्चिम चंपारण, बक्सर, गया, कैमूर और नवादा जिलों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–पूर्व भाग में कुछ जगहों पर गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे रहने की भी संभावना है।

---बाइट---

---

मुंगेर जिले के कुख्यात अपराधी राकेश कुमार को एसटीएफ और मुंगेर पुलिस ने नया रामनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। राकेश पर हत्या, लूट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। पूछताछ के बाद राकेश को जेल भेज दिया गया।

---

सुपौल जिले के वीरपुर स्थित सीमा चौकी सतना में एसएसबी की पैंतालीसवीं बटालियन की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमे एक सौ पचपन नागरिकों का मुफ्त इलाज कर दवाइयां दी गईं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आपातकाल के काले अध्याय को याद किया।

03. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। एक करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिम चंपारण, बक्सर, गया, कैमूर और नवादा जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।